मासिक घटनाक्रम संग्रह



मार्च 2018

HindvanshiEducation.com

- ✓ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण (NFRA) की स्थापना के प्रस्ताव और NFRA के लिए अध्यक्ष के एक पद के, सचिव के एक पद और पूर्णकालिक सदस्यों के तीन पदों के निर्माण को मंजूरी दी।

  लेखा परीक्षा मानकों को लागू करने और ऑडिट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से NFRA की स्थापना की गई है।

- ✓ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमिया ने कर्नाटक के तुमकूरु जिले के पावागढ़ में 2,000 मेगावाट क्षमता वाले 'शक्तिस्थल' नामक सौर ऊर्जा पार्क का उद्घाटन किया।

  यह सौर ऊर्जा पार्क कर्नाटक सौर ऊर्जा विकास लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है, जो भारत सरकार के सौर ऊर्जा निगम और कर्नाटक नवीनीकरण ऊर्जा विकास लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है।

- ✓ केंद्रीय कॉफी बोर्ड द्वारा विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश के अराकु घाटी की कॉफी को भौगोलिक संकेतक प्रदान करने के लिए आवेदन किया गया है।

  अराकू घाटी क्षेत्र में विकसित अरेबिका कॉफी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक उच्च गुणवत्ता वाले कॉफी के रूप में लोकप्रियता हासिल हुई है।

- ✓ भारत की प्रथम हेलीकॉप्टर शटल सेवा (हैलीटैक्सी) बेंगलुरु, कर्नाटक में प्रारंभ किया गया।

- ✓ चालू वित्त वर्ष में कुल 38.9 मिलियन टन कच्चे तेल की आपूर्ति कर इराक भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देश बन गया है।

  इससे पूर्व सऊदी अरब भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देश था।

- ✓ केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से ऋषिकेश में अन्तरराष्ट्रीय योग महोत्सव आयोजित किया गया।

  इस महोत्सव में विश्व के 20 विभिन्न देशों के 70 से अधिक संत शामिल हो रहे हैं और विश्व के लगभग 100 देशों के 1200 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

- ✓ हवा से कार्बन-डाई-ऑक्साइड को अवशोषित कर सिंथेटिक हाइड्रो कार्बन फ्यूल बनाने का प्लांट कनाडा में स्थापित किया गया है।

- ✓ शीतकालीन ओलंपिक 2018 प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया) का रंगारंग समापन हुआ।

हिन्दवंशी

प्योंगचांग खेलों में नार्वे ने 14 स्वर्ण, 14 रजत और 11 कांस्य पदक सहित कुल 39 पदक हासिल करके पहला स्थान हासिल किया।

- ✓ ई-गवर्नेंस पर 21वां राष्ट्रीय सम्मेलन हैदराबाद में हुआ।

  इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'त्वरित विकास के लिए प्रौद्योगिकी' है।

- ✓ वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक श्याम बेनेगल को सम्मानित किया गया है।

- ✓ दुनिया भर के देशों की सेनाओं और रक्षा शक्ति का विश्लेषण करने वाली संस्था 'ग्लोबल फायर पावर' के मुताबिक सैन्य ताकत के मामले में भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है।

  हथियारों और बुनियादी सैन्य सुविधाओं के लिहाज से भारत मात्र अमरीका, रूस और चीन से पीछे है।

- ✓ केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा सैनिकों की मुकाबला करने की क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक उपायों की सिफारिशों हेतु गठित डी बी शेकटकर समिति ने अपना रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

- ✓ केंद्र सरकार ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक की प्रस्तावना और व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएच श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था।

  समिति की सिफारिशों के अनुरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक 2018 को मंजूरी दी गई जिसके फलस्वरूप 'भारतीय मध्यस्थता परिषद' का गठन किया जाएगा।

  इस संबंध में अदालत से संपर्क करने की आवश्यकता के बिना, उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मध्यस्थ संस्थानों के माध्यम से मध्यस्थों की त्वरित नियुक्ति की जाएगी।

- ✓ कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक के लिए राज्य ध्वज का अनावरण किया।

  कर्नाटक सरकार द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को राज्य ध्वज का अनुमोदन भेजा गया है क्योंकि वर्तमान समय में राज्य सरकारों को अपना झंडा घोषित करने का अधिकार नहीं है।

  केंद्र सरकार की सहमति के उपरांत कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर के उपरांत देश का दूसरा राज्य होगा, जिसका स्वयं का राज्य ध्वज होगा।

हिन्दवंशी

- ✓ सर्वोच्च न्यायालय के 5 जजों की बेंच ने गंभीर रुप से बीमार मरणासन्न व्यक्ति द्वारा इच्छा मृत्यु (पैसिव यूथेनेसिया) के लिए लिखी गई वसीयत को कानूनी मान्यता प्रदान की।

  पैसिव यूथनेसिया मरीज की मृत्यु के लिए इलाज बंद करना या जीवन रक्षक प्रणालियों को हटाने को प्रतिबिंबित करता है।

- ✓ दीव देश का प्रथम केंद्र शासित प्रदेश बन गया जहां ऊर्जा के शत प्रतिशत निर्भरता के रूप में सौर ऊर्जा को अपनाया गया।

- ✓ महाराष्ट्र महिला टीम ने छत्तीसगढ़ में आयोजित अंतरराज्यीय राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2018 जीत ली है।

- ✓ अभिनेता और राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा को कला और राजनीति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए ब्रिटिश संसद में आयोजित समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।

  ब्रिटेन एशियन वॉयस वीकली समाचारपत्र द्वारा श्री सिन्हा को 'पॉलिटिकल एंड पब्लिक लाइफ अवार्ड' प्रदान किया गया।

- ✓ अफगानिस्तानी स्पिनर राशिद खान 19 वर्ष, 159 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा कप्तान बन गए।

  इससे पहले वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र के कप्तान बनने का रेकॉर्ड बांग्लादेश के राजिन सालेह के नाम था जिसने 20 साल 297 दिनों की उम्र में बांग्लादेश की कप्तानी की थी।

- ✓ कृष्णा कुमारी पाकिस्तान में सीनेटर (राज्यसभा सांसद) चुनी जाने वालीं पहली हिंदू महिला बन गई हैं।

  कृष्णा कुमारी बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाले पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) की तरफ से चुनी गई हैं।

- ✓ इंडो तिब्बत सीमा पुलिस बल में सुरक्षा अधिकारी के रूप में शामिल होने वाली "प्रकृति" देश की प्रथम महिला अधिकारी बन गई है।

- ✓ पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास "मिलन-2018" का आयोजन किया जाएगा।

  मिलन" युद्धाभ्यास का उद्देश्य हिंद महासागरीय क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का मुकाबला करना है।

  इस युद्ध अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड की

नौसेना भाग लेगी ।

- ✓ मार्शल आइलैंड ने देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए विश्व की पहली कानूनी मान्यता प्राप्त क्रिप्टो-करेंसी लॉन्च की।

  मार्शल आइलैंड विश्व का पहला देश है जिसने क्रिप्टो-करेंसी को मान्यता दी तथा इसे पार्लियामेंट में विधेयक लाकर मंजूरी भी दी।

  इससे पहले वेनेज़ुएला ने भी अपनी स्वयं की क्रिप्टो-करेंसी 'पेट्रो' लॉन्च की थी लेकिन इसे संसद में मंजूरी नहीं दी गई थी।

- ✓ सऊदी अरब में पहली बार महिलाओं के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है।

- ✓ ओडिशा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक पहुंच बनाने और विकास गतिविधियों में उनको शामिल करने के उद्देश्य से कार्यक्रम 'अमा गांव, अमा विकास' का शुभारंभ किया है।

- ✓ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिषद द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे को यात्रियों के प्रबंधन के लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा घोषित किया गया है।

- ✓ सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा "फुलफिल बापू ड्रीम्स: प्राइम मिनिस्टर मोदी ट्रिब्यूट टू गांधीजी" नामक पुस्तक की प्रथम प्रति राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को भेंट की गई।

  इस पुस्तक में भारत की विकास प्रक्रिया के महत्वपूर्ण पहलुओं को उद्घाटित किया गया है जिनमें स्वच्छता को व्यापक जन भागीदारी से जोड़ना, आम नागरिकों की व्यवहारिक जरूरतों को नीति में केंद्रीय महत्व प्रदान करना और सार्वजनिक जीवन में नैतिक आदर्शों को स्थापित करना शामिल है।

- ✓ जनवरी 2018 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में केंद्र सरकार ने उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के मध्य महानदी जल विवाद हेतु "अंतरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम 1956 की धारा 4" के तहत सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ए एम खानविलकर की अध्यक्षता में ट्रिब्यूनल का गठन किया।

- ✓ भारतीय पशु कल्याण का मुख्यालय केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और बोर्ड के बीच 'बेहतर समन्वय, के लिए चेन्नई से हरियाणा के बल्लभगढ़ में स्थानांतरित कर दिया गया है।

- ✓ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई की ओर से भारतीय

हिन्दवंशी

महिला उद्यमियों के लिए 'उधम सखी' पोर्टल शुरु किया गया।

पोर्टल के जरिए महिला उद्यमियों को कारोबार शुरु करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, निवशेकों से सीधे संपर्क, बाजार सर्वेक्षण सुविधा तथा तकनीकी सहयोग जैसी मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

✓ अमेरिका स्थित हॉलोकास्ट म्यूज़ियम ने म्यांमार की नेता आंग सान सू की को दिए गये प्रतिष्ठित मानवाधिकार सम्मान को वापस लेने की घोषणा की है।

✓ केंद्र सरकार ने पुलिस जांच में उत्कृष्टता के लिए “केंद्रीय गृहमंत्री पदक” स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव को सहमति प्रदान की।

इस पुरस्कार का उद्देश्य देश में केंद्रीय जांच एजेंसियों को प्रोत्साहित कर, अपराध की जांच में उच्च व्यावसायिक मानकों को स्थापित करना है।

✓ नेपाल की प्रथम महिला राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी को कार्यालय में दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया।

नेपाल के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान नेपाली कांग्रेस की कुमारी लक्ष्मी राय को बिद्या देवी भंडारी द्वारा दो तिहाई बहुमत से हराया गया।

✓ बर्मिंघम में रहने वाले भारतीय मूल के हैरी अटवाल को इस साल 'प्राइड आफ बर्मिंघम' बहादुरी पुरस्कार के लिए चुना गया है।

✓ भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मेक्सिको के गुआदालाजारा में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता।

✓ भारतीय आर्किटेक्ट बाल कृष्ण दोशी को वास्तुकला के क्षेत्र में अहम योगदान देने के लिए प्रित्जकर प्राइज से नवाजा जाएगा।

✓ भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद को क्षय रोग अनुसंधान और विकास में उत्कृष्टता स्थापित करने के लिए वर्ष 2017 के कोचोन पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।

यह पुरस्कार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद को क्षय रोग की रोकथाम के लिए आवश्यक 'टीबी रिसर्च कंसोर्टियम' की स्थापना के लिए प्रदान किया गया है।

यह पुरस्कार दक्षिण कोरिया में पंजीकृत गैर-लाभकारी फाउंडेशन “कोचोन फाउंडेशन” द्वारा प्रदान किया जाता है।

हिन्दवंशी

- ✓ सुजलॉन एनर्जी ने भारत के सबसे बड़े पवन टरबाइन जेनरेटर S-128 की स्थापना की घोषणा की।

  यह पवन टरबाइन जनरेटर तमिलनाडु के सांगानेरी में प्रोटोटाइप के रूप में प्रारंभ किया गया है, जिसे आवश्यक परीक्षणों के उपरांत वर्ष 2018 के अंत तक प्रारंभ किया जाएगा।

- ✓ लॉस एंजिलस, अमेरिका में आयोजित भारतीय लघु फिल्म समारोह में फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ की लघु फिल्म "शून्यता" को वर्ष 2017 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में पुरस्कृत किया गया।

- ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 मार्च 2018 को महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान के झुंझुनू में राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरुआत की गई।

  इस योजना के तहत ठिगनेपन, जन्म के समय नवजात शिशु के वजन में कमी, रक्त की कमी, भोजन में पोषक तत्वों का असंतुलन आदि के निवारण हेतु योजना बनाए जाएंगे।

- ✓ स्पाइसजेट ने फ्रांस के सफ्रान ग्रुप के साथ करीब ₹81,000 करोड़ का करार किया है।

  करार के तहत स्पाइसजेट कुल 155 बोइंग '737 मैक्स' विमानों के लिए एलईएपी-1बी इंजन खरीदेगी।

- ✓ चीन की संसद ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए राष्ट्रपति पद की समय सीमा समाप्त कर दी हैं।

  चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति ने संविधान में संशोधन करके राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के दो कार्यकाल की समय सीमा को समाप्त करने का प्रस्ताव पेश किया था।

- ✓ रूस ने सटीक निशाना साधने वाली किन्ज़ाल हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है जिसकी स्पीड ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक है।

- ✓ नेपाल के मुख्य न्यायाधीश गोपाल पराजुली को नेपाल की न्यायिक परिषद ने फर्जी जन्म तिथि प्रमाण पत्र के कारण अपदस्थ कर दिया।

- ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफाल, मणिपुर में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 105 वें सत्र का उद्घाटन किया।

  इस पांच दिवसीय भारतीय विज्ञान कांग्रेस का विषय 'रीचिंग टू अनरीच्ड थ्रू साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी' है।

हिन्दवंशी

- ✓ भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारतीय रेलवे की परिचालन क्षमता बेहतर करने के लिए ज्यादा भीड़-भाड़ वाले गलियारों से सटे रेलवे की पटरियों को दोहरी लाइन में तब्दील करने के लिए तथा विद्युतीकरण से संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए 120 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

- ✓ भारत मेक्सिको के गुआदालाजारा में हुए आईएसएसएफ विश्व कप में चार स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल नौ पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

  आईएसएसएफ विश्व कप में यह पहला मौका है जब भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा है।

- ✓ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में टीबी उन्मूलन शिखर सम्मेलन 'द दिल्ली एंड टीबी समिट' का उद्घाटन किया।

- ✓ विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद को रन एडम स्पोर्ट्स ने अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है।

- ✓ जर्मनी की संसद ने चौथी बार एंजेला मर्केल को चांसलर पद के लिए चुना है।

- ✓ संयुक्त राष्ट्र की ईकाई सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क (SDSN) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल हैप्पीनेस रिपोर्ट-2018 जारी की गई।

  ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स 2018 में भारत को कुल 156 देशों की सूची में 133वां स्थान दिया गया है जबकि पिछले वर्ष भारत 122वें स्थान पर था।

  ग्लोबल हैप्पीनेस रिपोर्ट-2018 में शीर्ष पर फ़िनलैंड है।

- ✓ केंद्रीय नीति आयोग ने 3 राज्य सरकारों (झारखंड, मध्यप्रदेश और ओडिशा) के साथ मिलकर 'SATH E' (सस्टेनेबल एक्शन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग ह्यूमन कैपिटल इन एजुकेशन) नामक परियोजना का शुभारंभ किया।

  इस परियोजना के माध्यम से नीति आयोग संबंधित राज्यों को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए सहयोग प्रदान करेगा।

- ✓ केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा तमिलनाडु के थेनी (बोदी पहाड़ी) में न्युट्रीनो प्रयोगशाला की स्थापना संबंधी प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई।

  इस परियोजना का उद्देश्य पार्टिकल न्युट्रीनो का अध्ययन करना है।

हिन्दवंशी

✓ केंद्रीय नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय ने ग्रिड आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने संबंधी “कुसुम” योजना शुरू की।

इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण इलाके में 2 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा संयंत्र को ग्रिड से जोड़ा जाएगा।

इस योजना के तहत किसान बिजली वितरण कंपनियों को अधिशेष विद्युत बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकेंगे।

✓ इकोनॉमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट (EIU) के 'वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग 2018' सर्वे के अनुसार सिंगापुर दुनिया का सबसे महंगा शहर है।

✓ लंदन के बाद दिल्ली स्थित मैडम तुसाद म्यूज़ियम में भी अभिनेता शाहरुख खान का मोम का पुतला लगाया जाएगा।

✓ रिवेरा माया, मेक्सिको में पांचवें विश्व महासागर शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

✓ भारत और फ्रांस का संयुक्त नौसैन्य अभ्यास "वरुण-18" गोवा में अरब सागर तट पर शुरू हुआ।

✓ पटियाला (पंजाब) की अदालत ने 2003 में गैर-कानूनी तरीके से लोगों को विदेश भेजने के मामले में गायक दलेर मेहंदी को दो साल की सज़ा सुनाई।

✓ विश्व आर्थिक मंच के ऊर्जा संक्रमण सूचकांक (एनर्जी ट्रांजिशन इंडेक्स) में भारत को 114 देशों की सूची में 78 वां स्थान मिला है।

स्वीडन को इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल हुआ है।

'फोस्टरिंग इफेक्टिव एनर्जी ट्रांजिशन' नामक रिपोर्ट के अनुसार, इस सूचकांक में देशों को ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन बनाने के आधार पर रैंकिंग प्रदान की गई है।

✓ भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी के. एल. राहुल को विजडन इंडिया द्वारा सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के रूप में चयनित किया।

✓ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मॉरिशस में विश्व हिंदी सचिवालय इमारत का उद्घाटन किया।

✓ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीता।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अग्रिम 6 साल की अवधि के लिए रूसी राष्ट्रपति के रूप में नामित किए गए।

हिन्दवंशी

- कर्नाटक सरकार द्वारा लिंगायत समुदाय को अलग धर्म का दर्जा दिए जाने संबंधी सिफारिश को केंद्र सरकार के पास सहमति के लिए भेजा गया है।

  वर्तमान समय में कर्नाटक में 18 फ़ीसदी आबादी लिंगायत समुदाय की है।

- केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा झारखंड के देवघर जिले में प्लास्टिक पार्क स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई।

  यह प्लास्टिक पार्क बोरियाँ, फर्नीचर, पानी के टैंक, पानी बोतलें और मच्छरदानी जैसे पॉलीमर उत्पादों का निर्माण करेगा।

- भारतीय सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं पर आधारित 'परमवीर परवाने' पुस्तक का विमोचन किया।

  डॉ प्रभात किरण जैन द्वारा लिखित यह पुस्तक वर्ष 1947 से वर्ष 1965 तक के परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं की बहादुरी को दर्शाती है।

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (SIPRI) की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व का सबसे बड़ा हथियार और रक्षा उपकरण आयात करने वाला देश है।

- ऑस्ट्रेलिया ने सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर ख़िताब जीता।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा बायोमेडिकल कचरा उत्पादक राज्य है।

- भारत के अंतरिक्ष विभाग और यूरोपियन संघ ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह डेटा साझा करने संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए।

  इस समझौते के तहत यूरोपियन संघ के कॉपरनिकस सेंटिनल उपग्रह डाटा को भारतीय अंतरिक्ष विभाग पूर्ण स्वतंत्रता के साथ उपयोग कर सकेगा।

  कॉपरनिकस प्रोग्राम, यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा संचालित विश्व का सबसे बड़ा एकल पृथ्वी अवलोकन कार्यक्रम है।

हिन्दवशी

- ✓ न्यूयॉर्क स्थित विश्व की सबसे बड़ी मानव संसाधन सलाहकार फर्म मर्सर द्वारा 20वीं वार्षिक गुणवत्ता सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

  इस रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना को लगातार पांचवें वर्ष के लिए विश्व का सबसे जीवंत शहर का दर्जा प्रदान किया गया।

- ✓ नार्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स ने कैनेडियन गणितज्ञ रॉबर्ट लांगलैंड्स को एबेल पुरस्कार-2018 के लिए चयनित किया।

  श्री रॉबर्ट को एबेल पुरस्कार रिप्रजेंटेशन थ्योरी और नंबर थ्योरी को जोड़ने के लिए प्रदान किया जा रहा है।

  एबेल पुरस्कार प्रतिवर्ष नॉर्वे सरकार द्वारा गणितज्ञ को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है।

- ✓ ग्रीस की प्रथम अंतरिक्ष एजेंसी 'हेलेनिक स्पेस एजेंसी' ने अपनी सेवाएं प्रारंभ की।

  यह अंतरिक्ष एजेंसी प्रारंभिक तौर पर दूरसंचार, रक्षा, पर्यावरण निगरानी और कृषि क्षेत्र में देश को सेवाएं प्रदान करेगा।

- ✓ सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने पुणे में डीजल की घर तक आपूर्ति (होम डिलिवरी) की शुरुआत की है।

- ✓ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल ने विभिन्न क्षमता की लिथियम आयन बैटरी के विनिर्माण के लिये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता किया है।

- ✓ 'मिशन बियोंड' दिल्ली में शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य नगरपालिका स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों के स्तर को बेहतर बनाना है।

- ✓ एसबीआई ने अपने एटीएम में नया फीचर जोड़ा है जिसके मुताबिक आप अपनी इच्छा के मुताबिक अपने एटीएम को ऑन या ऑफ कर सकेंगे।

- ✓ भारत के सबसे बड़े कमोडिटी एक्सचेंज प्लेटफार्म, मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने दुनिया के प्रथम पीतल वायदा अनुबंध का शुभारंभ किया।

- ✓ राजा रमन सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, इंदौर ने पानी में यूरेनियम की मात्रा को मापने के लिए फ़्लोरी मीटर

हिन्दवंशी

नामक एक यंत्र विकसित किया है।

यह उपकरण 0.1 पार्ट प्रति बिलियन यूनिट से 100 पार्ट प्रति बिलियन पानी के नमूने में यूरेनियम की मात्रा जांचने में सक्षम है।

- ✓ राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की योजना के तहत मध्य प्रदेश में 90 लाख में से 2.5 लाख पशुओं को 'आधार' जैसी 12 अंकों की खास पहचान संख्या जारी हुई है।

- ✓ पाकिस्तान के कोहेनूर न्यूज़ चैनल ने अपने न्यूज़ ऐंकरों की टीम में माविया मलिक नामक ट्रांसजेंडर महिला को शामिल किया है।

- ✓ निशानेबाज मनु भाकर ने सिडनी में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता है।

- ✓ अफ्रीकी संघ के कुल 55 सदस्यों के 44 अफ्रीकी देशों ने अफ्रीकी महाद्वीप मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

  यह समझौता माल और सेवाओं के लिए एक महाद्वीपीय बाज़ार बनाने और अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

  नाइजीरिया समेत 10 अफ्रीकी देशों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया है।

- ✓ केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018 को ज्वार बाजरा फसल का राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है।

  यह दिवस पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आयोजित किया जाता है।

- ✓ मेघालय के पूर्वी खासी पहाड़ी जिले के मासिनराम इलाके में लातसोम गांव के पास, क्रेम पुरी नाम की दुनिया की सबसे लंबी (24.5 किलोमीटर लंबी) बलुआ पत्थर की गुफा खोजी गई है।

- ✓ इंडियन ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2017 से जनवरी 2018 तक भारत में कुल 1003 अरब यूनिट विद्युत का उत्पादन किया गया।

  इस रिपोर्ट में चीन को 6015 अरब यूनिट के साथ प्रथम स्थान जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका को 4327 अरब यूनिट के साथ द्वितीय स्थान प्रदान किया गया।

  इंडिया ब्रैंड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) "ब्रांड इंडिया" बनाने के लिए निवेश संवर्धन एजेंसी के रूप में वाणिज्य

हिन्दवंशी

विभाग, वाणिज्य और उद्योग, भारत सरकार द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है।

- ✓ विश्व का सबसे बड़ा जहाज 'सिम्फनी ऑफ द सीज' भूमध्य सागर में अपनी प्रथम यात्रा शुरू करने के लिए फ्रांस के सैंट-नजैर शिपयार्ड से रवाना हुआ।

  यह जहाज फ्रांसीसी जहाज निर्माता एसटीएक्स ने अमेरिकी दिग्गज रॉयल कैरेबियन इंटरनेशनल के लिए तैयार किया है।

- ✓ NCERT के पूर्व निर्देशक जे एस राजपूत को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के कार्यकारी बोर्ड में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया।

- ✓ सूरत देश का प्रथम शहर बन गया, जहां जिले के सभी 52 स्वास्थ्य केंद्र सौ प्रतिशत सौर ऊर्जा से संचालित होंगे।

- ✓ अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने ट्रांसपोर्टिंग एक्सपेलनेट सर्वेक्षण सैटेलाइट कार्यक्रम के लिए निजी अंतरिक्ष एजेंसी स्पेस एक्स के साथ समझौता किया।

  इस परियोजना के तहत छोटे ग्रहों के बड़े समूह के द्रव्यमान, आकार, घनत्व, कक्षा का अध्ययन किया जाएगा।

- ✓ नीति आयोग द्वारा जारी की गयी बेसलाइन रैंकिंग में हरियाणा के मेवात जिले को देश का सबसे पिछड़ा जिला घोषित किया गया।

- ✓ बॉल टैम्परिंग विवाद में स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर को एक साल को लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

- ✓ भारतीय विदेश मंत्रालय ने हैदराबाद में "विदेश आया प्रदेश के द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया।

  इस पहल का उद्देश्य विदेश नीति में रुचि रखने वाले मीडिया पेशेवरों का एक पूल बनाना है, जो आम नागरिकों को विदेश मंत्रालय की नीतियों के बारे में बेहतर तरीके से जानकारी उपलब्ध करा सकें।

- ✓ तमिलनाडु के कोयंबटूर, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में कीट संग्रहालय का अनावरण किया गया।

- ✓ देश के सबसे प्रतिष्ठित जीवविज्ञानियों में से एक कृष्णास्वामी विजय राघवन को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

हिन्दवंशी

- ✓ मलेशिया के प्रधानमंत्री नजीब रजाक ने फेक न्यूज विरोधी विधेयक पेश किया।

  इस विधेयक के तहत फेक न्यूज छापने पर 5 लाख रिंगित (83 लाख रुपये) जुर्माना, 10 साल जेल या दोनों हो सकते हैं।

  इस कानून के तहत डिजिटल प्रकाशन और सोशल मीडिया भी आएंगे।

- ✓ केंद्र सरकार ने महत्वकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में इंद्रभूषण को नियुक्त किया।

  श्री भूषण वर्तमान में मनीला स्थित एशियन डेवलपमेंट बैंक के डायरेक्टर जनरल है।

- ✓ ओरोमो जातीय समूह से संबंध रखने वाले अबिय अहमद को इथियोपिया के नए प्रधानमंत्री के रुप में चुना गया।

  ओरोमो जातीय समूह इथोपिया की जनसंख्या का एक तिहाई जातीय समूह और अबिय अहमद ओरोमो जातीय समूह से आने वाले प्रथम प्रधानमंत्री है।

- ✓ हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और फसल की विविधता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2030 तक बागवानी फसलों का उत्पादन तीन गुना करने के उद्देश्य से गांवों को 'बागवानी गांव' के रुप में विकसित करने की योजना शुरू की है।

- ✓ जून 2017 में सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों की समीक्षा के लिए उदय कोटक की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

- ✓ लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह को बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के नए डायरेक्टर जनरल पद पर नियुक्त किया गया।

  लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह "परियोजना दंतक" भूटान में मुख्य अभियंता के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

HindvanshiEducation.com